State Council of Educational
Research & Training, Chhattisgarh
Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्,छत्तीसगढ़,
शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email:scertcg@gmail.com

क्र./ शिक्षक शिक्षा/ डी.एल.एड./2018/4072 रायपुर, दिनांक 30.08.2018

प्रति,

1. प्राचार्य (समस्त)
   डाइट/बी.टी.आई.
2. प्राचार्य (समस्त)
   डी.एल.एड़ संचालित अशासकीय प्रशिक्षण संस्थान (छ.ग.)

विषय – डी.एल.एड़ प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के शाला अवलोकन एवं शाला अनुभव कार्यक्रम हेतु सत्र 2018–19 के लिए समयावधि के संबंध में दिशा निर्देश।

----000----

स्कूल इंटर्नशिप कार्यक्रम द्वारा भावी शिक्षक अपने व्यवसाय से परिचित होते है, जहां उन्हें शाला की वास्तविक परिस्थितियों में कार्य करने का अनुभव प्राप्त होता है। छात्राध्यापक सीधे कक्षा शिक्षण – अधिगम प्रक्रिया से जुड़ता है एवं शालेय शैक्षिक, सहशैक्षिक गतिविधियों के द्वारा उसे समाज और समुदाय से जुड़ने में मदद मिलती है जिससे उसकी अंतःदृष्टि का विकास होता है। वह अपने कार्यों का स्वमूल्यांकन व विश्लेषण कर आगामी शिक्षण कार्य योजना बनाता है, जिससे बच्चों को अधिगम के अधिक से अधिक अवसर मिलते हैं। छात्राध्यापक विद्यार्थियों से फीडबैक प्राप्त कर अपने अधिगम अनुभवों के आधार पर अधिक से अधिक सीखने का प्रयास करता है, जिससे उसका प्रभाव (reflection) उसके शिक्षण में दिखाई देगा। इसी उद्देश्य से पाठ्यक्रम में शामिल "स्कूल इंटर्नशिप कार्यक्रम" मात्र उपाधि प्राप्ति के अधीन न रहकर छात्राध्यापकों को एक योग्यताधारी एवं व्यावसायिक रूप से भावी शिक्षक बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

स्कूल इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत प्रथम वर्ष में चार सप्ताह का शाला अवलोकन एवं द्वितीय वर्ष में सोलह सप्ताह का शाला अनुभव कार्यक्रम रखा गया है। शाला अवलोकन एवं शाला अनुभव कार्यक्रम में जाने से पूर्व अपनी संस्था में छात्राध्यापक/मेंटर/प्रधानपाठक एवं संस्थान के अकादमिक सदस्यों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम **शाला अनुभव कार्यक्रम मार्गदर्शिका** (Website:www.scert.cg.gov.in. में शाला अनुभव कार्यक्रम मार्गदर्शिका सत्र 2018–19 के अनुसार) में दिये गए निर्देशानुसार आयोजित करें एवं छात्राध्यापकों की आवश्यक तैयारी करवाएं।

शाला अवलोकन एवं शाला अनुभव कार्यक्रम की रूपरेखा –

प्रथम वर्ष शाला अवलोकन कार्यक्रम

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के चयन उपरान्त इनके प्रधानपाठकों एवं मेन्टर (शिक्षक) का एक दिवसीय उन्मुखीकरण किया जावेगा तदुपरान्त छात्राध्यापकों हेतु 04 सप्ताह (24 दिवसीय) शाला अवलोकन कार्यक्रम की रूपरेखा निम्नानुसार होगी –

03 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2018	शाला अवलोकन प्राथमिक विद्यालय	12 दिवसीय
12 नवम्बर से 27 नवम्बर 2018	शाला अवलोकन उच्च प्राथमिक विद्यालय	12 दिवसीय

द्वितीय वर्ष शाला अनुभव कार्यक्रम

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के चयन उपरान्त इनके प्रधानपाठकों एवं मेन्टर (शिक्षक) का एक दिवसीय उन्मुखीकरण किया जावेगा तदुपरान्त छात्राध्यापकों हेतु 16 सप्ताह (96 दिवसीय) शाला अनुभव कार्यक्रम की रूपरेखा निम्नानुसार होगी –

सितम्बर प्रथम सप्ताह में	छात्राध्यापकों की तैयारी – प्रशिक्षण संस्थान में	05 दिवसीय
08 सितम्बर से 04 अक्टूबर 2018	शाला अनुभव **प्राथमिक विद्यालय** में	20 दिवसीय
05 अक्टूबर से 06 अक्टूबर 2018	प्रस्तुतीकरण व समीक्षा – प्रशिक्षण संस्थान में	02दिवसीय
08 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2018	शाला अनुभव **प्राथमिक विद्यालय** में	20 दिवसीय
02 नवम्बर से 03 दिसम्बर 2018	प्रस्तुतीकरण एवं रिपोर्ट लेखन – प्रशिक्षण संस्थान में	02दिवसीय
नवम्बर चतुर्थ सप्ताह में	छात्राध्यापकों की तैयारी – प्रशिक्षण संस्थान में	03 दिवसीय
27नवम्बर से 20 दिसम्बर 2018	शाला अनुभव **पूर्व माध्यमिक** विद्यालय में	20 दिवसीय
21 दिसम्बर से 22 दिसम्बर 2018	प्रस्तुतीकरण एवं समीक्षा – प्रशिक्षण संस्थान में	02 दिवसीय
28 दिसम्बर से 19 जनवरी 2019	शाला अनुभव **पूर्व माध्यमिक** विद्यालय में	20 दिवसीय
21 जनवरी से 22 जनवरी 2019	प्रस्तुतीकरण व रिपोर्ट लेखन प्रशिक्षण संस्थान में	02 दिवसीय

उपरोक्त तिथियों में अनिवार्य रूप से शाला अवलोकन एवं शाला अनुभव कार्यक्रम सम्पन्न करें।

(सुधीर कुमार अग्रवाल)
संचालक
एस.सी.ई.आर.टी.,छत्तीसगढ़

पृ.क्र./ शिक्षक शिक्षा/ डी.एल.एड./2018/4073 रायपुर, दिनांक 30.08.2018

प्रतिलिपि –

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर।
2. सचिव, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, पेंशनबाड़ा, रायपुर को सूचनार्थ ।
3. जिला शिक्षा अधिकारी (समस्त) छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ एवं संबंधित शासकीय/अशासकीय प्रशिक्षण संस्थाओं को शाला अवलोकन एवं शाला अनुभव कार्यक्रम हेतु उपरोक्तानुसार तिथियों में स्कूलों की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं चयनित स्कूलों हेतु अपने स्तर पर निर्देश जारी करने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु।

संचालक
एस.सी.ई.आर.टी.,छत्तीसगढ़